पत्र संख्या –26 / विविध–01–04 / 2026 ..../

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटनासिटी, करबिगहिया, पटना के अंतर्गत Construction of New AFS near Village Sonaru on left minor bundh of Dhowa river along with allied Protection work एकरारनामा सं0–487F2/2025-26 (एजेण्डा सं0–242 / 382 / 2026) दिनांक–30.01.2026 के तहत संवेदक **SRI AWADHESH RAY, AT-SABNIMA ATHMALGOLA, SABNIMA BAKHTIYARPUR PATNA, PIN-803212** को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–15.05.2026 थी।

2. कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित किया गया, इसके बावजूद संवेदक द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। फलस्वरूप दिनांक–08.05.2026 तक कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 56 प्रतिशत हीं रही, जो अपेक्षित प्रगति से काफी कम है।

उक्त कार्य आपदा जनित कार्य है, जिसे हर हाल में दिनांक–15.05.2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जाना कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है।

कार्य में शिथिलता बरतने एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण कार्यपालक अभियंता, पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटनासिटी, करबिगहिया, पटना के पत्रांक–840 दिनांक–07.05.2026 द्वारा संवेदक **SRI AWADHESH RAY, AT-SABNIMA ATHMALGOLA, SABNIMA BAKHTIYARPUR PATNA, PIN-803212** को डिबार करने की अनुशंसा की गयी।

3. कार्यपालक अभियंता, पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटनासिटी, करबिगहिया, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2479 दिनांक–12.05.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी, जिसका जवाब अप्राप्त रहा।

4. संवेदक से कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने पर मामले की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा में उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 82 प्रतिशत हीं है। आपदा से संबंधित कार्य होने के बावजूद निर्धारित तिथि तक कार्य को पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूची नहीं ली जा रही है।

उक्त से स्पष्ट है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण करने का सम्यक प्रयास नहीं किया जा रहा है, जो संवेदक का कार्य के प्रति लापरवाहीं एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः कार्यपालक अभियंता, पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटनासिटी, करबिगहिया, पटना से प्राप्त अनुशंसा एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक

SRI AWADHESH RAY, AT-SABNIMA ATHMALGOLA, SABNIMA BAKHYIYARPUR PATNA, PIN-803212 (निबंधन सं0– WRD171125C2IN24169976, श्रेणी–द्वितीय) को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26/विविध–01–04/2026 पटना/दिनांक :..........................

प्रतिलिपिः– SRI AWADHESH RAY, AT-SABNIMA ATHMALGOLA, SABNIMA BAKHYIYARPUR PATNA, PIN-803212 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–04/2026 पटना, दिनांक :..........................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–04/2026 पटना, दिनांक :..........................

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–04/2026 पटना, दिनांक :..........................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटनासिटी, करबिगहिया, पटना के पत्रांक–840 दिनांक–07.05.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–04/2026 2909 पटना, दिनांक : 29/5/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।